दिनांक-13फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शिविर के माध्यम से पट्टा एवं राशन कार्ड का किया जा रहा है वितरण

भिलाईनगर। नवीन राशन कार्ड और 1984 के नवीनीकृत पट्टे का वितरण महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती, जोहन सिन्हा, एवं दुर्गा प्रसाद साहू, पार्षद विनोद चेलक ने वार्ड 22 के श्याम नगर में तथा वार्ड 13 राजीव नगर में महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती एवं वार्ड पार्षद रामानंद मौर्य ने किया। आज सुबह 11 बजे राजीव नगर एवं श्याम नगर में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के बीच महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद ने 39 लोगों को पट्टा व 160 हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया। नया राशनकार्ड बनने तथा 30 वर्षो की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से लोग प्रसन्नचित्त नजर आए। इस दौरान उपस्थित महापौर परिषद के सदस्य व पार्षदों ने नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड के महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। जोन 02 क्षेत्र के राजीव नगर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य दीवाकर भारती एवं पार्षद रामानंद मौर्य ने नवीनीकृत 30 मूल पट्टे हितग्राहियों को प्रदान किये।!

जनसम्पर्क अधिकारी